# JAIN COLLEGE, JAYANAGAR
# MOCK PAPER I
## Subject : Hindi

समयः 3 घण्टा 15 मिनट | पूर्णांकः 100

सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिएः 6X1= 6

1) सीधे–सादे किसान धन आते ही किस ओर झुकते हैं?

2) कर्त्तव्य किसपर निर्भर है?

3) मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसने लगे है?

4) पिताजी रसोईघर को क्या कहते थे?

5) विश्वेश्वरय्या का जन्मदिन किस नाम से मनाया जाता है?

6) माँ क्या गाने लगी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3X3= 9

7) सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठकर क्या सोचता है?

8) जापान के हिरन–वन के बारे में लिखिए।

9) समाज में कौन–कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

10) भोलाराम का परिचय दीजिए।

11) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4X1= 4

12) 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते है।'

13) भोलाराम का जीव कहाँ है ?

14) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाय तब बुलाना।'

15) आज तुम खाना जल्दी खा लेना।

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिएः 2X3=6

16) 'इस प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं।'

17) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

18) 'यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी।'

19) 'अब तक जिस घर में राज्य किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता।'

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए: 6X1=6

20) रैदास किस राज्य की कामना करते हैं?

21) कौन अन्तर की बात जानने वाले हैं?

22) कवयित्री को किसकी चाह नहीं है?

23) बेटी सजने–धजने से क्या महसूस करती है?

24) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है?

25) कौन राह रोकता है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3X2=6

26) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

27) मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

28) बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए।

29) वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

इ) निम्नलिखित की ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2X4=8

30) जमुना तट देखे नँद नंदन।
मोर–मुकुट मकराकृत–कुंडल, पीत–बसन तन चंदन।
लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी।
प्रेम–मगन तब भई सुंदरी, उर गदगद मुख–बानी।

**अथवा**

प्रभु जी तुम घन बन, हम मोरा,
जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी तुम दीपक हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती।

31) यही सत्य की सही तोल है,
अपर्ण कर सर्वस्व मनुज को,
कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण,
कुछ भी बन बस कायर मत बन।

**अथवा**

तेरी रक्षा का न मोल है
पर तेरा मानव अनमोल है
यह मिटता है वह बनता है
यही सत्य की सही तोल है।

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए: 5X1=5

32) हँसी के मारे मर जाने की बात कौन कहती है?

33) बरगद के पेड़ की कहानी किनका निर्माण करती है ?

34) व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?

35) घृणा को किससे नहीं मिटाया जा सकता?

36) बेला के अनुसार परिवार की सदस्या उससे किस–प्रकार डरती है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2X5=10

37) दादाजी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्या कहा?

**अथवा**

दादाजी की क्या आकांक्षा थी?

38) भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

टिप्पणी लिखिए:

(1) आभा (2) भारती ।

V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 4X1=4

41) 1) आपकी बात सुनकर विस्मित हुआ है।

2) अपन को तुम्हारी बात नहीं जँचीं।

3) दहेज की लेन–देन बहुत बुरी प्रथा है।

4) रोगी की दिशा ठीक नहीं है।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 4X1=4

(समय, से , ज्ञान, विज्ञान)

42) 1) राम कैंची. . . . . . . . .कागज काटता है।

2) आज का युग . . . . . .विज्ञान का युग है।

3) मानस में भक्ति, . . . . और कर्म का समन्वय है।

4) . . . . . . परिवर्तनशील है।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3X1=3

43) 1) आत्मानंद देश की सेवा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

2) उसने अपना काम सुचारू रूप से किया। (भविष्यत् काल में बदलिए)

3) व्यापारी ट्रक में माल भरकर लायेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

इ) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए: 4X1=4

44) 1) अक्ल पर पत्थर पड़ना क) अच्छी तरह वश में करना।

2) उँगली पर नचाना ख) अनुभवहीन होना।

3) किनारे बैठना ग) बुद्धि से काम न लेना।

4) दूध के दाँत न टूटना घ) अलग रहना।

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए: 3X1=3

45) (1) कृष्ण, (2) दाता, (3) नाई।

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 3X1=3

46) (1) जिसका विभाजन न हो सके।

(2) उपयोग करने वाला।

(3) दूसरों का रस/रक्त आदि पीकर या चूसकर जीने वाला।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए: 2X1=2

1. शेष 2. नयन।

आ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए: 2X1=2

1. थकावट 2. ओढ़नी।

Vi अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए: 5X1=5

(1) भ्रष्टाचार–आज की प्रमुख समस्या।

(2) विद्यार्थी और अनुशासन।

(3) विद्यालय का बार्षिकोत्सव।

**अथवा**

चैक बुक गुम हो जाने की सूचना का अपने बैंक के प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5X1=5

47) स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व विद्यार्थियों के ही ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी है, वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतः विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, धर्म और अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए भार–स्वरूप होते हैं।

प्रश्न 1. विद्यार्थियों पर किस का दायित्व है?

प्रश्न 2. विद्यार्थियों पर भारत का क्या निर्भर है?

प्रश्न 3. विद्यार्थियों को सतर्कता और सावधानी से किसका निर्माण करना चाहिए?

प्रश्न 4. उन्हें अपनी आँखों के सामने क्या रखना चाहिए?

प्रश्न 5. कौन राष्ट्र और समाज के सामने क्या भार स्वरूप होते हैं?

इ) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिएः 5X1=5

48) (i) Smoking is strictly prohibited at public place .

(ii) The gaining of knowledge is greater than earning of money.

(iii) Dont eat stale food.

(iv) Humour plays an important role in our life .

(iv) A seat marked with Roll number will be allotted to each candidate.

@@@@@@@@